# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.)

नैक द्वारा मूल्यांकित **"B"** ग्रेड

E-mail : govtcollegedabharacg@gmail.com Website : www.govtcollegedabhara.in

क्रमांक 573 /अति. व्याख्या./2025–26 डभरा, दिनांक 14.02.2026

## –:: अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन सत्र 2025–26::–

शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.) के सहायक प्राध्यापक (इतिहास) के 180 दिवस हेतु (प्रसूति अवकाश) रिक्त पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप योग्यताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता **इतिहास** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण – पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 28.02.2026 को सांय 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा पत्र वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विषय/पदों का विवरण :– 180 दिवस हेतु (मातृत्व अवकाश)

| क्रं. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या |
|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक |
| 1 | इतिहास | 01 |

**नोटः– विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट मे अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

(डॉ. पी.आर. कठौतिया)
**प्र.प्राचार्य**
शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा
जिला–सक्ती (छ.ग.)

पृ.क्रमांक 574 /अति. व्याख्या./2025–26 डभरा, दिनांक 14.02.2026

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक सी.03, द्वितीय एवं तृतीय तल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, शासकीय ई.रा.राव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ की उक्त विज्ञापन को अपने वेबसाईड एवं सूचना पटल पर चस्पा करें।
3. प्राचार्य अग्रणी शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ती जिला–सक्ती छ.ग. को सूचनार्थ।

(डॉ. पी.आर. कठौतिया)
**प्र.प्राचार्य**
शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा
जिला–सक्ती (छ.ग.)

LETTERS COPY

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.)
नैक द्वारा मूल्यांकित **"B"** ग्रेड
E-mail : govtcollegedabharacg@gmail.com Website : www.govtcollegedabhara.in

क्रमांक 573 /अति. व्याख्या./2025–26 डभरा, दिनांक 14.02.2026

**–:: अतिथि सहायक प्राध्यापक इतिहास पद हेतु विज्ञापन::–**

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज. स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23.04.2025 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर का पत्र क्र. ESTB-1027/1216/2025/38-1 दिनांक 23.07.2025 के अनुसार शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला–सक्ती (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में **अतिथि सहायक प्राध्यापक इतिहास** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन **दिनांक 28.02.2026 सायं 5:00 बजे तक** केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**पदों का विवरण**

| क्र. | विषय/पद | पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | इतिहास | 01 |

टीपः– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग संबंधि विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थीयों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा : अतिथि क्रीडाधिकारी हेतु अधिकतम 62 वर्ष तक।
3. छ.ग. का मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**शर्तेः–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. **दिनांक 28.02.2026 तक** कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को ही गणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। भविष्य में में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन **दिनांक 02.03.2026** को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की **तिथि 03.03.2026 तक** होगी।

LETTERS COPY

6. अंतिम सूची का प्रकाशन **दिनांक 05.03.2026** को किया जायेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचारधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।
8. आवेदन उपरांत आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याता की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि व्याख्याता व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगाः—

| दैनिक मानदेय | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **विवरण** | **अतिथि व्याख्याता** | **अतिथि व्याख्याता सहायक** |
| | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 500/ (50,000/— (प्रतिमाह अधिकतम प्रति कालखंड 60 मिनट पर) | 350/ (35,000/— (प्रतिमाह अधिकतम प्रति कालखंड 60 मिनट पर) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता (प्राचार्य, शासकीय स्नातक महाविद्यालय डभरा, जिला—सक्ती (छ. ग.) पिन कोड 495688) एवं आवेदित पद आवश्यक रूप से लिखें।
12. इस विज्ञापन के तहत् व्यवस्था किये गये अतिथि क्रीडाधिकारी विश्वविद्यालय/महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक—सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक—सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगाकर 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी। जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. क्रीड़ा गतिविधियों के साथ—साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा उत्सव, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

**प्र.प्राचार्य**
शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा
जिला—सक्ती (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 574 /अति. व्याख्या./2025—26 डभरा, दिनांक 14.02.2026

प्रतिलिपि :—

1. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
3. कलेक्टर, जिला—सक्ती छ.ग. को सूचनार्थ।
4. अग्रणी, प्राचार्य, शासकीय क्रांतिकुमार भारतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सक्ती को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त शासकीय महावि. छ.ग. एवं सूचना पटल में चस्पा हेतु निवेदन के साथ सूचनार्थ।

**प्र.प्राचार्य**
शास. स्नातक महाविद्यालय डभरा
जिला—सक्ती (छ.ग.)

LETTERS COPY